यू0-08 | क्र. 1498 | दि0. 09-02-2021 संख्या– 122/XVIII(1)/2021-07(15)/2019

प्रेषक,

सुशील कुमार,
सचिव,
उत्तराखण्ड शासन।

सेवा में,

आयुक्त एवं सचिव,
राजस्व परिषद्,
उत्तराखण्ड, देहरादून।

ARC(A)

राजस्व अनुभाग–1 देहरादूनः दिनांकः 27 जनवरी, 2021

विषयः– जनपद देहरादून की नवसृजित तहसील डोईवाला में राजस्व निरीक्षक का पद सृजित किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक आपके पत्र संख्या–6022, दिनांक 15.06.2020 के क्रम में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि जनपद देहरादून की तहसील डोईवाला में राजस्व निरीक्षक का पद स्वीकृत न होने से विधिवत कार्य संचालन में हो रही कठिनाईयों के दृष्टिगत सम्यक विचारोपरान्त तहसील कार्यालय डोईवाला हेतु राजस्व निरीक्षक का 01 पद वेतनमान 9300–34800 ग्रेड पे–4200 (वेतन मैट्रिक्स रू0 35400–112400 वेतन लेवल–6) में कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से दिनांक 28.02.2021 तक, बशर्ते उक्त पद बिना किसी सूचना के इससे पूर्व समाप्त न कर दिया जाय, सृजित किये जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं।

2– उक्त पद पर नियुक्त नियमित पदधारक को वेतन के अतिरिक्त शासन द्वारा समय–समय पर अनुमन्य किये गये मंहगाई भत्ता एवं अन्य भत्ते आदि भी देय होंगे।

3– इस सम्बन्ध में होने वाला व्यय सम्बन्धित वित्तीय वर्ष के आय–व्ययक अनुदान संख्या–6–लेखाशीर्षक–2029–भू–राजस्व–103–भू–अभिलेख–03–जिला अधिष्ठान के अन्तर्गत सुसंगत प्राथमिक इकाईयों के नामे डाला जायेगा।

4– यह आदेश वित्त विभाग के अशासकीय संख्या–43/XXVII(7)/2021 दिनांक 13 जनवरी, 2021 में प्राप्त उनकी सहमति से निर्गत किये जा रहे हैं।

भवदीय,

(सुशील कुमार)
सचिव

संख्या– (1)/XVIII(1)/2021-07(15)/2019 एवं तद्दिनांकित।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. महालेखाकार, उत्तराखण्ड, देहरादून।
2. आयुक्त, गढ़वाल मण्डल, पौड़ी।
3. जिलाधिकारी, देहरादून।
4. वरिष्ठ कोषाधिकारी, जिला देहरादून।
5. वित्त अनुभाग–7।
6. निदेशक, सूचना निदेशालय, उत्तराखण्ड।
7. निदेशक, एन0आई0सी0, उत्तराखण्ड।
8. गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

(डॉ0 आनन्द श्रीवास्तव)
अपर सचिव

Genral-Letter.doc